दैनिक जागरण
नई दिल्ली, शुक्रवार
23 नवंबर 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+8=28
www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

वाहनों के थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के लिए अप्रैल से पीयूसी प्रमाणपत्र जरूरी 10
क्राउन प्रिंस का नाम घसीटने पर सऊदी ने चेताया 15

हवाई अड्डे के लिए 26 को होगी बैठक

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 26 नवंबर को अहम बैठक होगी। एयरपोर्ट के बिड डॉक्यूमेंट एवं कंसेशन एग्रीमेंट को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग एंड इंप्लीमेंटेशन कमेटी (पीएमआइसी) व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड (निआल) बोर्ड के सामने अप्रूवल के लिए रखा जाएगा। इसके बाद बिड डॉक्यूमेंट को कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

यमुना प्राधिकरण ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बिड डॉक्यूमेंट पिछले सप्ताह शासन को सौंप दिए थे। पीएमआइसी व निआल बोर्ड के सामने बिड डॉक्यूमेंट को रखने के लिए बैठक का समय तय नहीं हो पाया था। दोनों की बैठक 26 नवंबर को होने जा रही है। पहले पीएमआइसी और फिर निआल बोर्ड के सामने बिड डाक्यूमेंट को रखा जाएगा। पीएमआइसी व निआल दोनों के अध्यक्ष प्रदेश के मुख्य सचिव हैं। बैठक में अप्रूवल होने के बाद इसे प्रदेश कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। पंद्रह दिसंबर से पहले इसे केंद्र के पास भेज दिया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले माह जेवर एयरपोर्ट की बिड जारी हो सकती है। इसमें शामिल होने के लिए देशी विदेशी कई कंपनियां पहले ही रुचि दिखा चुकी हैं। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के बिड डॉक्यूमेंट एवं कंसेशन एग्रीमेंट को लेकर 26 नवंबर को बैठक बुलाई गई है।